डिफेंस कॉरिडोर के लिए 35 हेक्टेयर भूमि और लेंगे

- 80 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित हो रही ब्रम्होस मिसाइल की यूनिट
- नई जमीन लेने के लिए 45 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने लखनऊ डिफेंस कारिडोर के लिए 45.18 करोड़ की धनराशि मंजूर दे दी है। इसके जरिये 35.6677 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा।

यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के लखनऊ नोड के लिए सरोजनी नगर तहसील में 152.3670 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक विकास क्षेत्र घोषित करते हुए यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सम्मिलित किया गया है। करीब 100 हेक्टेयर भूमि को पहले ही अधिग्रहीत किया जा चुका है। वहीं 35.6677 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया होनी है। जिसके लिए 45 करोड़ की मांग की गई थी।